NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 75 /NCRES/19 — Date :01.03.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषय:- TC, CC एवं ECRC का मर्जर एवं Staffing Pattern में बदलाव।

महोदय,

अवगत कराना है कि टिकट चेकिंग, कामर्शियल क्लर्क और ECRC कैडर के मर्जर एवं स्टाफिंग पैटर्न में बदलाव के लिये रेलवे बोर्ड ने दिनांक 22.02.2018 को आदेश जारी किया जिसपर जोनो के द्वारा अलग–अलग प्रक्रिया अपनाई गई। नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के इलाहाबाद, झांसी और आगरा मण्डल द्वारा भी अलग–अलग प्रक्रिया अपनाई गई जिसपर NCRES ने अपने पत्र दिनांक 25.09.2018 द्वारा विरोध किया।

NCRES के विरोध करने पर महाप्रबन्धक (कार्मिक) ने रेलवे बोर्ड के आदेश दिनांक 22.02.2018 के क्रियान्वयन के लिये दिनांक 13.12.2018 को दिशा निर्देश जारी किया जिसके अनुसार मर्जर के पूर्व यानि 22.02.2018 के पूर्व की रिक्तियों को दोनों कैडर (CC व ECRC) में अलग–अलग भरा जाना था। इलाहाबाद मण्डल में कार्मिशयल क्लर्क के GP-4600 की रिक्तियां पहले ही भर ली गई थी लेकिन ECRC कैडर में GP-4600 की रिक्तियां अभी तक नही भरी गई है जिसके कारण ECRC कैडर में बहुत असंतोष है।

NCRES का अनुरोध है कि ECRC कैडर के GP-4600 में 22.02.2018 के पूर्व की रिक्तियों को भरने के लिये उचित निर्देश जारी करने का कष्ट करें ताकि ECRC कैडर का असंतोष खत्म हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपिः– मुख्य कार्मिक अधिकारी (प्रशासन), नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद